ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-04-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-04-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-04-19	2023-04-20	2023-04-21	2023-04-22	2023-04-23
वर्षा (मिमी)	2.0	10.0	12.0	2.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	25.0	19.0	22.0	23.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	11.0	9.0	8.0	10.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	70	75	70	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	5	40	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	8	6	6	6
पवन दिशा (डिग्री)	320	270	130	70	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	7	4	3	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, गरज चमक व तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। साथ ही उत्तराखंड के अलग-अलग स्थानों पर बिजली/ओलों के साथ आंधी तूफान (50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार) आने की भी संभावना है अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 19.0 से 28.0 व 10.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम, उत्तर पश्चिम और पूर्व उत्तर पूर्व से चलने का अनुमान है

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| आने वाले पांच दिनों में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर किसान भाई अपनी गेंहूँ, जौं एवं दलहनी फसलों की कटी फसल की मड़ाई शीघ्र अति शीघ्र समाप्त कर लें तथा दाना सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें| साथ ही किसान भाइयो को यह भी सलाह दी जाती है आने वाले तीन से पांच दिनों में उत्तराखंड के अलग-अलग स्थानों पर बिजली/ओलों के साथ आंधी तूफान (50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार) आने की भी संभावना है अतः साथियो अपने अधूरे कृषि कार्यो को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कर लें

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, गरज चमक व तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	किसान भाइयो मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर गेहूँ की कटाई एवं मड़ाई का कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कर उसको सुरक्षित स्थान पर भंडारित कर लें
चावल	चावल पर्वतीय क्षेत्रों में, असिंचित दशा में चेतकी धान की बुवाई करें|
मक्का	मैदानी क्षेत्रो में, मध्य फरवरी में बोई गई बसंत कालीन मक्का की फसल में किसान भाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर अपने खेत में खरपतवार नियंन्त्रण कर तथा यूरिया का छिड़काव कुछ समय के लिए स्थगित करें।
मसूर की दाल	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर कटी फसलों की मड़ाई कर दाना निकाल लें तथा साथ ही सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ऊँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्र में बैंगन, टमाटर, शिमलामिर्च का प्रतिरोपण कुछ समय के लिए स्थगित करें
आड़ू	मध्यम एवं निचले पर्वतीय क्षेत्रों में आड़ू के पर्णकुंचन रोग की रोक-थाम के लिए कीटनाशक रसायनों का द्वितीय छिड़काव अभी के लिए स्थगित करें।
अरबी	भाबर क्षेत्रों में, इस माह अरबी की अगेती किस्म की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओ को नया भूसा बिना पानी में भिगोयें हुए न खिलायें, अन्यथा साधारण अपच नामक रोग से ग्रसित होने का खतरा रहता है।
गाय	पशुओ को नया भूसा बिना पानी में भिगोयें हुए न खिलायें, अन्यथा साधारण अपच नामक रोग से ग्रसित होने का खतरा रहता है।